CHAPTER - 07	ह्रास, प्रावधान और संचय Depreciation, provision and Reserve

स्मरणीय तथ्य:

- **ह्रास** - स्थायी संपतियों के पुस्तक मूल्य मे स्थायी, सतत् एवं धीरे -धीरे होने वाली कमी को ह्रास कहते है |
- **उच्चावचन** -उच्चावचन से आशय चालू संपति के मूल्य में होने वाली एक अस्थायी परिवर्तन से है जो धनात्मक या ऋणात्मक दोनों हो सकता है |
- **प्रावधान-** यह भविष्य में अनिश्चित हानि या व्यय को पूरा करने के लिए अलग रखी गई अनुमानित राशि है।
- **संचय** - यह व्यवसाय की वितीय स्थिति को मजबूत करने और अप्रत्याशित नुकसान या दायित्व को पूरा करने के लिए अलग रखा गया लाभ का हिस्सा है।
- **गुप्त संचय** - गुप्त संचय से तात्पर्य अधिशेष लाभ को बनाए रखने से है जिसे आर्थिक चिट्ठे में नहीं दिखाया जाता है।
- **संपति के अवशिष्ट मूल्य** - संपति के जीवन काल के समाप्त होने पर उसे बेचकर जो मूल्य प्राप्त होता है वह उस संपति का अवशिष्ट मूल्य कहलाता है |
- **अप्रचलन-** स्थायी परिसम्पत्तियों के ह्रास का एक और तत्व अप्रचलन है। अप्रचलन का अर्थ है समयानुकूल न होना।
- **पूँजीगत संचय** - पूँजीगत प्राप्तियों से बने संचय पूँजीगत संचय कहलाते है|
- **विशिष्ट संचय-** वह संचय जिसका सृजन विशेष उद्देश्य के लिए किया जाता है|
- **परिशोधन** - ख्याति, कॉपीराइट और पेटेंट जैसी अमूर्त सम्पत्तियों के मूल्य में होने वाली कमी को परिशोधन कहा जाता है।

Memorable point :

- **Depreciation-** The permanent, continuous and gradual decrease in the book value of fixed assets is called depreciation.
- **Fluctuation-** Fluctuation refers to a temporary change in the value of a current asset which can be either positive or negative.
- **Provision-** It is an estimated amount set aside to meet uncertain future losses or expenses.
- **Reserve-** It is the part of profit set aside to strengthen the financial position of the business and to meet unexpected losses or liability.
- **Secret reserve-** Secret reserve refers to the retention of surplus profits which are not shown in the Balance sheet.
- **residual value of property-** The price received by selling an asset at the end of its life is called the residual value of that asset.
- **Obsolescence-** Another element of depreciation of fixed assets is obsolescence. Obsolescence means not being in keeping with the times.
- **Capital Reserves** - Reserves made from capital receipts are called capital reserves.
- **Special Reserve** - The reserve which is created for a special purpose.
- **Amortisation-** The reduction in the value of intangible assets such as goodwill, copyrights and patents is called amortisation.

बहुवैकल्पिक प्रश्न
(Multiple Choice Questions)

सही विकल्प का चयन करें (Select the correct alternative):

1. ह्रास है

a. व्यय   b. प्रावधान
c. आय   d. इनमें से कोई नहीं

Depreciation is an

a. Expense   b. Provision
c. Income   d. None of these

2. प्रावधान है :

a. लाभ में से नियोजन   b. लाभ पर प्रभार
c. बाह्य लेन-देन   d. इनमें से कोई नहीं

A Provision is :

a. An appropriation out of profits
b. Charge against profit
c. External transactions
d. None of these

3. पूँजीगत प्राप्तियों से बने संचयों को कहा जाता है

a. पूँजीगत संचय   b. संचय कोष
c. सामान्य संचय   d. इनमें से कोई भी नहीं

Reserves arising from capital receipts are known as :

a. Capital reserve   b. Reserve fund
c. General reserve   d. None of these

4. संचय कितने प्रकार के होते हैं ?

a. 2   b. 4
c. 3   d. 5

How many types of Reserve ?

a. 2   b. 4

c. 3 d. 5

5. लेखांकन प्रमाप-6 सम्बन्धित है–

a. आय कर के लिए लेखांकन
b. रहतिया का मूल्यांकन
c. ह्रास लेखांकन
d. पट्टा

Accounting Standard-6 is related to–

a. Accounting for Taxes on Income
b. Valuation of Inventory
c. Depreciation Accounting
d. Lease

6. एक मशीन को प्रत्येक वर्ष ₹1,000 से ह्रासित किया जाता है तो ह्रास की गणना हेतु किस विधि का प्रयोग किया जाता है ?

a. मूल्य ह्रास विधि b. सरल रेखा विधि
c. वार्षिकी पद्धति d. इनमें से कोई नहीं

The machinery is depreciated by ₹ 1,000 every year. Which method is being used to calculate depreciation ?

a. Written down value method
b. Straight line method
c. Annuity method
d. None of these

7. ह्रास नहीं लगाया जाता है

a. मशीन b. ख्याति
c. भवन d. फर्नीचर

Depreciation is not charged on ?

a. Machinery
b. Goodwill
c. Building
d. Furniture

8. अप्राप्य ऋणों के लिए आयोजन .....खाते को क्रेडिट कर के किया जाता है।

a. व्यापारिक खाता
b. लाभ-हानि खाता
c. देनदार खाता
d. अप्राप्य ऋणों के लिए आयोजन खाता

The provision for bad debts is made by

a. Trading Account
b. Profit and Loss Account
c. Debtors Account
d. Provision for bad debts account

9. वर्ष के अंत में, मूल्यह्रास खाता स्थानांतरित कर दिया जाता है:

a. तुलन पत्र
b. व्यापारिक खाता
c. लाभ - हानि विनियोजन खाता
d. लाभ - हानि खाता

At the end of the year, the depreciation account is transferred to :

a. Balance sheet
b. Trading account
c. Profit & loss appropriation account
d. Profit & loss account

10. मूल्यह्रास का शुल्क लिया जाता है:

a. अचल मूर्त सम्पत्ति
b. वर्तमान सम्पत्ति
c. चालू और अचल सम्पत्ति दोनों
d. इनमे से कोई भी नहीं

Depreciation is charged on:

a. Fixed tangible assets
b. Current assets
c. Both current and fixed assets
d. None of the above

11. निम्नलिखित में से मूल्यह्रास की कौन सी विधि आयकर कानून द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है?

a. सीधी रेखा विधि
b. क्रमागत ह्रास विधि
c. a और b दोनों
d. इनमे से कोई भी नहीं

Which of the following methods of depreciation is not recognized by Income Tax Law?

a. Straight Line Method
b. Diminishing Balance Method
c. Both a and b
d. None of the Above

12. आयोजन का निर्माण है

a. ऐच्छिक b. अवैधानिक
c. आवश्यक d. अनावश्यक

Creation of provision is :

a. Voluntary b. Illegal
c. Necessary d. Unnecessary

13. विशिष्ट संचय वह संचय है जिसका सृजन किया जाता है

a. विशेष उद्देश्य के लिए
b. सामान्य उद्देश्य के लिए
c. गुप्त संचय के लिए
d. इनमें से किसी के लिए नहीं

Specific reserve is that reserve which is created for:

a. For Specific purpose

b. For General purpose
C. For Secret reserve
d. None of these

14. किस विधि के अन्तर्गत दर स्थिर रहती है जबकि ह्रास की राशि प्रतिवर्ष घटती जाती है ?
a. सरल रेखा पद्धति
b. क्रमागत ह्रास पद्धति
c. वार्षिकी पद्धति
d. उपरोक्त सभी

Under which method rate remains constant where as the amount of depreciation goes on decreasing from year to year ?
a. Straight line method
b. Written down value method
c. Annuity method
d. All the above

15. घटते हुए शेष विधि से ह्रास की गणना की जाती है
a. प्रारम्भिक लागत पर
b. घटते हुए मूल्य पर
c. बाजार मूल्य पर
d. औसत मूल्य पर

According to diminishing balance method depreciation is charged on :
a. Original cost
b. Written down value
c. Market value
d. Average cost

16. ह्रास है-
a. व्यक्तिगत खाता b. सम्पत्ति खाता
c. वास्तविक खाता d. नाममात्र खाता

Depreciation is a -
a. Personal A/c b. Asset A/c
c. Real A/c d. Nominal A/c

17. नए आविष्कार के कारण पुरानी मशीन का बेकार हो जाना कहलाता है
a. अप्रचलन b. टूट-फूट
c. अवक्षय d. परिशोधन

Discarding the old machinery due to a new invention is called ?
a. Obsolescence b. Wear and tear
c. Depletion d. Amortisation

18. ह्रास लगाया जाता है
a. चालू सम्पत्तियों पर b. अमूर्त सम्पत्तियों पर
c. स्थायी सम्पत्तियों पर d. कृत्रिम सम्पत्तियों पर

Depreciation in provided on :
a. Current Assets b. Intangible Assets
c. Fixed Assets d. Fictitious Assets

19. संचय का निर्माण किया जाता है -
a. अज्ञात दायित्वों के भुगतान के लिए
b. ज्ञात दायित्वों के भुगतान के लिए
c. दैनिक खर्चों के लिए
d. उपर्युक्त में से कोई नहीं

Reserve is created –
a. To pay off unknown liabilities
b. To pay off known liabilities
c. To meet daily expenses
d. None of the above

20. गुप्त संचय बनाया जाता है
a. अत्यधिक ह्रास लगाकर
b. पूँजीगत व्यय को लाभ-हानि खाते में डालकर
c. बिक्री को छुपाकर
d. उपरोक्त सभी

Secret Reserve is created by :
a. Writing off excessive depreciation
b. Charging capital expenditure to profit and loss account
c. Suppressing the sales
d. All of the above

21. आयगत संचय कितने प्रकार के होते हैं ?
a. 2 b. 8
c. 3 d. 6

How many types of Revenue Reserve ?
a. 2 b. 8
c. 3 d. 6

22. आयोजन का निर्माण किया जाता है–
a. अज्ञात दायित्वों के भुगतान के लिए
b. ज्ञात दायित्वों के भुगतान के लिए
c. दैनिक खर्चों के लिए
d. उपर्युक्त में से कोई नहीं

Provision is created–
a. To pay off unknown liabilities
b. To pay off known liabilities
c. To meet daily expenses
d. None of the above

23. ह्रास लगाने की विधि हैं-
a. स्थायी किस्त पद्धति b. वार्षिकी पद्धति
c. क्रमागत ह्रास पद्धति d. उपरोक्त सभी

The methods of charging depreciation are-
a. Fixed Instalment Method
b. Annuity Method

c. Diminished value Method
d. All of the above

24. मशीन पर ह्रास.....तिथि से शुरू हो जाता है।
a. इसकी क्रय
b. इसके उपयोग में लाये जाने की
c. इसकी स्थापना
d. इनमें से कोई नहीं

Depreciation on machine starts from the date
a. It is Purchased b. It is put to use
c. It is installed d. None of these

25. सामान्यत : ..... संचय लाभांश के नकद वितरण के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं।
a. सामान्य संचय b. पूँजीगत संचय
c. गुप्त संचय d. इनमें से कोई नहीं

Usually reserves are not available for distribution as cash dividends.
a. General Reserve b. Capital Reserve
c. Secret Reserve d. None of these

26. ह्रास एक प्रक्रिया है
a. सम्पत्ति के मूल्यांकन
b. सम्पत्ति के सत्यापन
c. सम्पत्ति के मूल्य में कमी
d. सम्पत्ति के मूल्य में वृद्धि

Depreciation is the process of–
a. Asset Valuation
b. Verification of assets
c. Decreasing in the value of assets
d. Increasing in the value of asset

27. मैसर्स कमल के देनदार ₹25,000 हैं। वे अप्राप्य ऋण के ₹2,000 अपलिखित करते हैं तथा देनदारों पर संदिग्ध ऋणों के लिए 5% प्रावधान की व्यवस्था करते हैं । प्रावधान की राशि होगी ?
a. ₹1,250 b. ₹1,000
c. ₹1,400 d. ₹2,000

Sundry debtors of M/s Kamal amount to ₹22,000. They write off Bad debts ₹2,000 and provide for doubtful debts @ 5%. The amount of provision will be -
a. ₹1,250 b. ₹1,000
c. ₹1,400 d. ₹2,000

28. सचय का निर्माण है
a. ऐच्छिक b. अनिवार्य
c. अनुपयोगी d. इनमें से कोई नहीं

Creation of reserve is -
a. Discretionary b. Compulsory
c. Useless d. None of these

29. सम्पत्ति के विक्रय पर हानि की दशा में डेबिट किया जाता है
a. ह्रास खाता b. सम्पत्ति खाता
c. लाभ-हानि खाता d. विक्रय खाता

Loss on sale of asset is debited to-
a. Depreciation A/c b. Asset A/c
c. Profit & Loss A/c d. Sales A/c

30. मूर्त सम्पत्तियों के मूल्य में कमी को कहा जाता है।
(a) ह्रास (b) रिक्तीकरण
(c) प्रत्युत्सर्जन (d) उच्चावचन

Decrement in the value of tangible Assets is known as.
a. Depreciation b. Depletion
c. Amortisation d. Fluctuation

31. नाशवान या क्षयी सम्पत्तियों के मूल्य में कमी को कहा जाता है?
a. उच्चावचन b. प्रत्युत्सर्जन
c. रिक्तीकरण d. ह्रास

Decrement in the value of wasting assets is called?
a. Fluctuation b. Amortisation
c. Depletion d. Depreciation

32. संचय के प्रकार है -
a. प्रकट संचय b. गुप्त संचय
c. दोनों d. इनमें से कोई नहीं

The types of Reserve are -
a. Open Reserve b. Secret Reserve
c. Both d. None of these

33. 'प्रत्युत्सर्जन' शब्द का प्रयोग किया जाता है -
a. प्रतिलिप्याधिकार के संबंध में
b. व्यापार चिह्न के संबंध में
c. पेटेण्ट के संबंध में
d. उपरोक्त सभी

The word 'Amortisation' is used -
a. Regarding copyright
b. Regarding trade mark
c. Regarding patent
d. All of the above

34. ह्रास लगाने के मुख्य उद्देश्य है -
a. सही उत्पादन लागत ज्ञात करना
b. सही आय का निर्धारण
c. सही वित्तीय स्थिति का प्रदर्शन
d. उपरोक्त सभी

The main objectives of charging depreciation are -

a. Determining True Production Cost
b. Determination of true income
c. Demonstration of correct financial position
d. All of the above

35. यदि विक्रय मूल्य, शूद्ध मूल्य से कम हो तो अन्तर की राशि को माना जाता है -

a. लाभ b. हानि
c. खर्च d. इनमें से कोई नहीं

If the selling price is less than the net price then the amount of difference is considered-

a. Advantage b. Loss
c. Expense d. None of these

36. ह्रास लगाने का महत्व है-

a. आर्थिक स्थिति स्पष्ट करने के लिए
b. सम्पत्ति की पुनर्स्थापना के लिए
c. पूँजी के कम होने से बचाव के लिए
d. उपरोक्त सभी

The importance of charging depreciation is-

a. To clarify the economic situation
b. For restoration of property
c. To avoid depletion of capital
d. All of the above

37. ह्रास को प्रभावित करने वाले तत्व है-

a. सम्पत्ति का उपयोगी अनुमानित जीवन
b. सम्पत्ति के अप्रचलित होने की सम्भावना
c. सम्पत्ति का अवशिष्ट मूल्य
d. उपरोक्त सभी

The elements affecting depreciation are -

a. Estimated useful life of the asset
b. Potential for obsolescence of assets
c. Residual value of property
d. All of the above

38. अप्रचलन का मतलब मूल्य में.....के कारण कमी होना है |

a. बाजार मूल्य में स्थायी कमी
b. भौतिक टूट-फूट
c. समय की समाप्ति
d. खोज और आविष्कार

Obsolescence means decrease in value due to.....:

a. Permanent decline in market value
b. Wear and Tear
c. End of time
d. Discoveries and inventions

39. आयगत संचय के प्रकार हैं-

a. सामान्य संचय b. विशेष संचय
c. संचय कोष d. ये सभी

The types of revenue reserve are-

a. General Reserve b. Special Reserve
c. Reserve fund d. All of these

40. संचय बनाया जाता है -

a. लाभ से b. सम्पत्ति से
c. हानि से d. दायित्व से

Reserve is created from :

a. Profit b. Assets
c. Losses d. Liabilities

41. ह्रास है

a. नगद व्यय b. वित्तीय व्यय
c. गैर-नगद व्यय d. गैर-परिचालन व्यय

Depreciation is -

a. cash expenses
b. Financial expenses
c. Non-cash expenses
d. Non-operating expenses

42. कौन-से संचय को 'मुक्त संचय' के रूप में भी जानते हैं?

a. आयगत संचय b. पूँजीगत संचय
c. सामान्य संचय d. विशिष्ट संचय

Which Reserve is also known as 'Free Reserve' ?

a. Revenue Reserve b. Capital Reserve
c. General Reserve d. Special Reserve

43. स्थायी किस्त विधि में ह्रास निकाला जाता है

a. प्रारम्भिक शेष पर b. अन्तिम शेष पर
c. मूल लागत पर d. अवशिष्ट मूल्य पर

In Fixed Instalment Method depreciation is calculated on-

a. Opening Balance b. Closing Balance
c. Original Cost d. Scrap Value

44. मशीन पर ह्रास किस तिथि से शुरू होगा |

a. खरीदी गई तिथि से
b. इसे उपयोग मे लायी गई तिथि से
c. स्थापित तिथि से
d. इनमे से कोई नहीं

From what data will depreciation on the Machine begin?

a. From the purchase date
b. From the date it is put into use
c. From the established date
d. None of these

45. अप्रचलन का अर्थ मूल्य में कमी करना

a. बाजार मूल्य में कमी
b. भौतिक रूप से टूट-फूट
c. समय की समाप्ति
d. नव प्रवर्तन और आविष्कार

Obsolescence means decline in the value due to-

a. Decrease in market price
b. Physical wear and tear
c. end of time
d. Innovations and inventions

46. भूमि का उपयोगी जीवनकाल होती है

a. स्थिर b. असीमित
c. सीमित d. अस्थिर

The useful life of land is–

a. Constant b. Unlimited
c. Limited d. Inconstant

47. स्थायी प्रभाग विधि में ह्रास की राशि

a. घटती है b. स्थिर रहती है
c. बढ़ती है d. उपरोक्त सभी

Under Fixed Instalment Method amount of depreciation goes on-

a. Decreasing b. Constant
c. Increasing d. All of these

48. सम्पत्ति का मूल्य लागत घटाव अवशिष्ट मूल्य ÷ सम्पत्ति का अनुमानित उपयोगी जीवन =

a. ह्रास
b. हानि
c. सम्पत्ति के मूल्य में कमी
d. लाभ

Original cost of Assets less scrap value ÷ Estimated working life of Assets =

a. Depreciation
b. Loss
c. Decrease in the value of asset
d. Profit

49. लाभांश समकारी रिजर्व है:

a. विशिष्ट रिजर्व b. सामान्य रिजर्व
c. गुप्त रिजर्व d. इनमें से कोई नहीं

Dividend Equalization Reserve is :

a. Specific Reserve b. General Reserve
c. Secret Reserve d. None of these

50. अपलेखन का अर्थ अपलिखित करना है

a. रिक्तीकरण सम्पत्ति
b. बर्बाद होने वाली सम्पत्ति
c. अदृश्यमान सम्पत्ति
d. काल्पनिक सम्पत्ति

Amortisation refers to writing off-

a. Depleting assets b. Wasting assets
c. Intangible assets d. Fictitious assets

Answer :-

Q.No.	Ans.	Q.No.	Ans.	Q.No.	Ans.	Q.No.	Ans.
1	b	14	b	27	b	40	a
2	b	15	b	28	a	41	c
3	a	16	d	29	c	42	c
4	a	17	a	30	c	43	c
5	c	18	c	31	c	44	b
6	b	19	a	32	c	45	d
7	b	20	d	33	d	46	b
8	d	21	c	34	d	47	b
9	c	22	b	35	b	48	a
10	a	23	d	36	d	49	a
11	a	24	b	37	d	50	c
12	c	25	b	38	d		
13	a	26	c	39	d		

अति लघु उत्तरीय प्रश्न
(Very Short Answer Type Questions)

1. ह्रास क्या है ?

उत्तर- स्थायी संपतियों के पुस्तक मूल्य मे कमी स्थायी,सतत एवं धीरे -धीरे होने वाली कमी को ह्रास कहते है |

What is depreciation?

Ans- The permanent, continous and gradual decrease in the book value of Fixed Assets is called depreciation.

2. मूल्यह्रास की दो विशेषताएँ बताइए।

उत्तर- (i) यह स्थायी संपतियों के पुस्तक मूल्य मे कमी करता है।
(ii) यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

Name two characteristics of depreciation.

Ans- (i) It reduces the book value of fixed assets.
(ii) It is a continuous process.

3. संचय कितने प्रकार के होते है ?

उत्तर- संचय दो प्रकार के होते है - (i) सामान्य संचय (ii) विशेष संचय

How many types of Reserve are there?

Ans- There are two types of Reserve - (i) General Reserve (ii) Special Reserve

4. मूल्यह्रास के दो कारण बताइये।

उत्तर- (i) क्षय एवं घिसावट
(ii) अप्रचलन

State two causes of depreciation.

Ans- (i) Decay and wear and tear (ii) obsolescence

5. प्रावधान के दो उदाहरण दीजिए।

उत्तर- मूल्यह्रास के लिए प्रावधान और आयकर के लिए प्रावधान।

Give two examples of provision.

Ans- Provision for depreciation and provision for income tax.

6. गुप्त संचय क्या है ?

उत्तर- गुप्त संचय से तात्पर्य अधिशेष लाभ को बनाए रखने से है जिसे आर्थिक चिट्ठे में नहीं दिखाया जाता है।

What is a secret reserve?

Ans- Secret reserve refers to the retention of surplus profits which are not shown in the Balance sheet.

7. ह्रास लगाने की किन्ही दो विधि का नाम बताइए |

उत्तर- (i) सीधी रेखा विधि
(ii) क्रमागत ह्रास विधि

Name any two methods of charging depreciation.

Ans- (i) Straight Line Method.
(ii) Diminishing Balance Method.

8. ह्रास लगाने की किस विधि में ह्रास की राशि एक समान रहती है ?

उत्तर- 'सीधी रेखा विधि' से ह्रास की गणना करने में ह्रास की राशि एक समान रहती है|

In which method does the amount of depreciation remain the same?

Ans- In calculating depreciation using 'straight line method', the amount of depreciation remains the same.

9. संचय क्या है?

उत्तर- यह व्यवसाय की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने और अप्रत्याशित नुकसान या दायित्व को पूरा करने के लिए अलग रखा गया लाभ का हिस्सा है।

What is reserve?

Ans- It is the part of profit set aside to strengthen the financial position of the business and to meet unforeseen losses or liability.

10. ह्रास लगाने की किस विधि में ह्रास की राशि घटती जाती है ?

उत्तर- 'क्रमागत ह्रास विधि' से ह्रास की गणना करने में ह्रास की राशि घटती जाती है|

In which method of charging depreciation the amount of depreciation decreases?

Ans- In calculating the depreciation using the 'Diminishing Balance method', the amount of depreciation keeps decreasing.

11. ह्रास लगाने के कोई दो उद्देश्य बताइए |

उत्तर- (i) सही आय की जानकारी प्राप्त करने के लिए |

(ii) संपति के पुनः स्थापन की व्यवस्था हेतु |

Mention any two purposes of charging depreciation.

Ans- (i) To get correct income information.

(ii) To arrange for restoration of property.

12. ह्रास को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो तत्वों का नाम बताइए |

उत्तर- (i) संपति की कुल लागत |

(ii) संपति का प्रत्याशित उपयोगी जीवन काल |

Name any two elements affecting Depreciation.

Ans- (i) Total cost of the Assets.

(ii) Expected useful life of the Assets.

13. संपति के अवशिष्ट मूल्य से आप क्या समझते है |

उत्तर- संपति की जीवन काल के समाप्त होने पर उसे बेचकर जो मूल्य प्राप्त होता है वह उस संपति का अवशिष्ट मूल्य कहलाता है |

What do you understand about the residual value of property?

Ans- The price received by selling an asset at the end of its life is called the residual value of that asset.

14. उच्चावचन क्या है ?

उत्तर- उच्चावचन से आशय चालू संपति के मूल्य में होने वाला एक अस्थायी परिवर्तन से है जो धनात्मक या ऋणात्मक दोनों हो सकता है |

What is Fluctuation ?

Ans- Fluctuation refers to a temporary change in the value of a current asset which can be either positive or negative.

15. प्रावधान क्या है?

उत्तर- यह भविष्य में अनिश्चित हानि या व्यय को पूरा करने के लिए अलग रखी गई अनुमानित राशि है।

What is provision?

Ans- It is an estimated amount set aside to meet uncertain future losses or expenses.

16. परिशोधन क्या है?

उत्तर- ख्याति, कॉपीराइट और पेटेंट जैसी अमूर्त सम्पत्तियों के मूल्य में होने वाली कमी को परिशोधन कहा जाता है।

What is Amortisation?

Ans- The reduction in the value of intangible assets such as goodwill, copyrights and patents is called amortisation.

लघु उत्तरीय प्रश्न
(Short Answer Type Questions)

1. ह्रास क्या है ?

उत्तर- किसी भी कारण से किसी अचल सम्पत्ति के मूल्य में क्रमिक, स्थायी, निरंतर कमी को मूल्यह्रास कहा जाता है। मूल्यह्रास परिसंपत्ति के पुस्तक मूल्य को कम कर देता है। इसलिए यह एक व्यय है जिसे लाभ और हानि खाते या लाभ और हानि विवरण में दिखाया जाता है। मूल्यह्रास के कई कारण हैं, जैसे टूट-फूट, समय बीतना, अप्रचलन आदि। मूल्यह्रास योग्य संपत्तियों के उदाहरण हैं - मशीन, भवन, ट्रक, फर्नीचर आदि।

ह्रास की कुछ महत्वपूर्ण परिभाषाएँ इस प्रकार है -

इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट एण्ड मैनेजमेंट एकाऊंटिंग, लंदन (ICMA) के अनुसार "ह्रास पर परिसम्पत्ति के वास्तविक मूल्य में इसके उपयोग एवं/अथवा समय बीतने के कारण आई घटोत्तरी को कहते हैं। "

स्पाइसर व पेगलर के अनुसार, "मूल्य-ह्रास एक निश्चित समय में किसी भी कारण से सम्पत्ति के सार्थक जीवन की समाप्ति का माप है। "

What is Depreciation?

Ans- A gradual, permanent, continuous decrease in the value of a fixed asset due to any reason is called depreciation. Depreciation reduces the book value of the asset. Hence it is an expense which is charged to the profit and loss account or profit and loss statement. There are many reasons for depreciation, such as wear and tear, passage of time, obsolescence etc. Examples of depreciable assets are - machine, building, truck, furniture etc.

Some important definitions of depreciation are as follows -

According to the Institute of Cost and Management Accounting, London (ICMA), "Depreciation is the reduction in the original value of an asset due to its use and/or the passage of time."

According to Spicer and Pegler, "Depreciation is the measure of the end of the useful life of an asset for any reason over a period of time.

2. ह्रास की आवश्यकता को संक्षेप में बताइए ?

उत्तर- निम्नलिखित कारण से ह्रास लगाना आवश्यक हो जाता है -

(i) **आगम एवं लागत का मिलान -** स्थायी परिसम्पत्तियों को व्यवसाय में लाभ कमाने के उद्देश्य से ही प्रयोग किए जाते है और ह्रास के कारण संपति का मूल्य कम हो जाता है। इसीलिए ह्रास भी व्यवसाय के अन्य व्यय जैसे वेतन, भाड़ा, स्टेशनरी आदि के समान व्यय है। यह समान अवधि के आगम पर प्रभार होता है इसीलिए इन्हें साधारण रूप से समान्यतः मान्य लेखांकन सिद्धांतो का अनुकरण करते हुए शुद्ध लाभ निर्धारण से पूर्व घटाना अनिवार्य होता है।

(ii) **सही उत्पादन लागत ज्ञात करना-** सही उत्पादन लागत ज्ञात करने के लिए समुचित ह्रास की व्यवस्था करना आवश्यक है।

(iii) **सही आय का निर्धारण -** ह्रास एक प्रकार का व्यय है। सम्पत्ति के निरन्तर प्रयोग से इसके मूल्य में कमी आती है और इस कमी को प्रतिवर्ष के लिए आयोजन न किया जाये तो वस्तुओं की लाभ-हानि खाते में लिखना आवश्यक है अन्यथा सही उत्पादन लागत की जानकारी नहीं होगी ।

(iv) **आय-कर सम्बन्धी छूट प्राप्त करना-** भारतीय आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत ह्रास के सम्बन्ध में कर-सम्बन्धी छूट प्राप्त करने के लिए ह्रास का आयोजन करना आवश्यक है। यदि ह्रास के लिए उचित प्रावधान न किया जाये तो लाभ अधिक होने पर अधिक आयकर देना पड़ेगा। अतः आयकर सम्बन्धी छूट प्राप्त करने के लिए ह्रास की व्यवस्था करना आवश्यक है |

Briefly explain the need for depreciation?

Ans- Depreciation becomes necessary due to the following reasons -

(i) **Matching of revenue and cost -** Fixed assets are used in business only for the purpose of earning profit and due to depreciation the value of the asset reduces. That is why depreciation is also an expense like other expenses of business like salaries, freight, stationery etc. This is a

charge on the income of the same period, hence it is mandatory to reduce it before determining the net profit by following the generally accepted accounting principles.

(ii) **To find out the correct production cost -** To find out the correct production cost, it is necessary to arrange for proper depreciation.

(iii) **Determination of true income -** Depreciation is a type of expense. Due to continuous use of the asset, its value decreases and if this decrease is not planned every year, then it is necessary to write the goods in the profit and loss account, otherwise the correct production cost will not be known.

(iv) **Getting income tax exemption -** Under the Indian Income Tax Act, 1961, it is necessary to organise depreciation to get tax exemption in relation to depreciation. If proper provision for depreciation is not made then more income tax will have to be paid if the profit is higher. Therefore, to get income tax exemption, it is necessary to make provision for depreciation.

3. ह्रास के क्या कारण हैं?

उत्तर-

(i) **क्षय एवं घिसावट अथवा समय की समाप्ति के कारण मूल्य में कमी-** क्षय एवं घिसावट का अर्थ है क्षमता में कमी एवं परिणामस्वरूप परिसम्पत्ति के मूल्य में गिरावट आना | क्षय एवं घिसावट के कारण संपति भौतिक रूप से नष्ट होने लगती है। कुछ परिसम्पत्तियाँ मात्र समय के व्यतीत होने के साथ नष्ट होती रहती हैं जबकि उनका कोई उपयोग नहीं किया जाता है। ऐसा विशेष रूप से मौसम, हवा, बारिश आदि प्रकृति की आपदाओं के प्रभाव से होता है।

(ii) **कानूनी अधिकार की समाप्ति-** व्यवसाय के लिए कुछ परिसम्पतियों का मूल्य उनको उपयोग करने का करार, पूर्व निश्चित समय की समाप्ति पर खत्म हो जाता हैं। ऐसी परिसम्पतियों के उदाहरण हैं - पेटेन्ट्स, कॉपीराइट, पट्टा आदि। व्यवसाय के लिए इनकी उपयोगिता उनको प्राप्त कानूनी समर्थन के हटते ही समाप्त हो जाती है।

(iii) **अप्रचलन-** स्थायी परिसम्पत्तियों के ह्रास का एक और तत्व अप्रचलन है। अप्रचलन का अर्थ है समयानुकूल न होना। अप्रचलन से अभिप्राय है तकनीकी परिवर्तन या उत्पादन पद्धतियों में सुधार के किसी परिसम्पत्ति का पुराना हो जाना या उससे श्रेष्ठ परिसम्पत्ति का उपलब्ध होना।

(iv) **असामान्य तत्व -** किसी भी परिसम्पत्ति की उपयोगिता में कमी कुछ असामान्य तत्वों के कारण भी होती है जैसे -आग से दुर्घटना, भूचाल, बाढ़ आदि।

(v) **संपति के बाजार मूल्य में गिरावट -** संपति के बाजार मूल्य में गिरावट के कारण उसके मूल्य में होने वाली कमी भी ह्रास का कारण है।

What are the causes of Depreciation?

Ans-

(i) **Decrease in value due to decay and wear and tear or lapse of time -** Decay and wear and tear means reduction in capacity and resulting fall in the value of the asset. Due to decay and wear and tear the property starts getting physically destroyed. Some assets simply deteriorate with the passage of time and are not used. This happens especially due to the effects of natural disasters like weather, wind, rain etc.

(ii) **Termination of legal rights -** The agreement to use the value of certain assets for business ends on the expiry of a predetermined period. Examples of such assets are patents, copyrights, leases etc. Their usefulness for business ends as soon as the legal support they receive is removed.

(iii) **Obsolescence -** Another element of depreciation of fixed assets is obsolescence. Obsolescence means not being in keeping with the times. Obsolescence means an asset becoming obsolete due to technological change or improvement in production methods or the availability of a better asset.

(iv) **Abnormal elements -** Reduction in utility of any asset also occurs due to some abnormal elements like fire, accident, earthquake, flood etc.

(v) **Decline in the market value of the property -** The decrease in the value of the property due to the fall in its market value is also a cause of depreciation.

4. ह्रास की गणना करने के लिए सीधी रेखा विधि एंव क्रमागत विधि में अन्तर्भेद कीजिए|

उत्तर- सीधी रेखा विधि एंव क्रमागत विधि में अंतर -

अंतर का आधार	सीधी रेखा विधि	क्रमागत विधि
i. ह्रास गणना का आधार	ह्रास की गणना संपति के मूल लागत पर की जाती है।	ह्रास की गणना संपति के घटते मूल्य पर की जाती है।
ii. ह्रास की राशि	सीधी रेखा विधि में ह्रास की राशि समान रहती है।	क्रमागत विधि में ह्रास की राशि घटती जाती है।
iii. अवशेष मूल्य	इसमें संपति का अवशेष मूल्य घट -घट कर शून्य हो जाता है।	इसमें संपति का अवशेष मूल्य घट -घट कर कभी भी शून्य नहीं होता है।
iv. आयकर कानून द्वारा मान्यता	इस विधि को आयकर कानून द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है।	यह विधि को आयकर कानून द्वारा मान्यता प्राप्त है।
v. सरल	यह विधि बहुत ही सरल है।	इस विधि अपेक्षाकृत कठिन है।
vi. ह्रास की दर	इस विधि में ह्रास की दर कम रखी जाती है।	इस विधि में ह्रास की दर ऊंची रखी जाती है।

Differentiate between straight line method and written down value method to calculate depreciation.

Ans: Difference between straight line method and written down value method -

Basis of difference	Straight line method	Written Down Value method
i. Basis of depreciation calculation	Depreciation is calculated on the original cost of the asset.	Depreciation is calculated on the decreasing value of the asset.
ii. amount of depreciation	In straight line method the amount of depreciation remains the same	In the written down value method the amount of depreciation keeps decreasing.
iii. Residual value	In this the scrap value of the property reduces to zero.	In this the scrap value of the property never decreases to zero.
iv. recognition by income tax law	This method is not recognized by the Income Tax Law.	This method is recognized by the Income Tax Law.
v. Simple	This method is very simple.	This method is relatively difficult.
vi. Rate of depreciation	In this method the rate of depreciation is kept low.	In this method the rate of depreciation is kept high.

5. आयगत संचय तथा पूँजीगत संचय में अन्तर कीजिए|

उत्तर- आयगत संचय तथा पूँजीगत संचय में अन्तर-

अंतर का आधार	आयगत संचय	पूँजीगत संचय
i. सृजन का स्रोत	इसका सृजन आयगत लाभ में से किया जाता है।	इसका सृजन पूँजीगत लाभ में से किया जाता है।
ii. उद्देश्य	आयगत संचय का सृजन वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए किया जाता है।	इसका सृजन कानूनी औपचारिकता को निभाने के लिए किया जाता है।
iii. लाभांश के लिए उपलब्ध	इसका उपयोग लाभांश वितरण के लिए किया जाता है।	इसका उपयोग लाभांश वितरण के लिए नहीं किया जाता है।
iv. उपयोग	आयगत संचय का उपयोग किसी भी उद्देश्य के लिए किया जा सकता है।	इसका उपयोग पूँजीगत हानियों को समाप्त करने या बोनस अंशों को जारी करने के लिए किया जाता है।

Differentiate between Revenue Reserve and Capital Reserve.

Ans- Difference between Revenue Reserve and Capital Reserve-

Basis of difference	Revenue Reserve	Capital Reserve
i. Source of creation	It is created out of revenue profit.	It is created out of capital gains.
ii. Objective	Revenue reserves are created to strengthen the financial position.	It is created to fulfil legal formalities.
iii. Available for dividends	It is used for dividend distribution.	It is not used for dividend distribution.
iv. Use	Revenue reserve can be used for any purpose.	It is used to offset capital losses or issue bonus shares.

6. गुप्त संचय की संकल्पना को समझाइए|

उत्तर- गुप्त संचय का आशय ऐसे संचय से है जो विद्यमान तो हो, लेकिन चिट्ठे प्रदर्शित न हो। नुकसान के समय में अधिक लाभ दिखाने के लिए गुप्त संचय को लाभ में मिला दिया जाता है। प्रबन्धक उचित से अधिक ह्रास लगाकर गुप्त संचय का सृजन करते हैं। इसे गुप्त संचय इसलिए कहा जाता है क्योंकि बाहर के अंश धारकों को इसका ज्ञान नहीं होता है।

एक व्यावसायिक फर्म के लिए भविष्य में होने वाले अप्रत्याशित खर्चे एवं हानियों से बचाव के लिए गुप्त संचय बनाया जाता है ताकि भविष्य में होने वाली किसी भी आकस्मिक आवश्यकता की पूर्ति की जा सके और व्यवसाय की साधारण वित्तिय स्थति को सुदृढ़ किया जा सके |

डी पौला के शब्दों में, "गुप्त संचय वह संचय है जिसे चिट्ठे में नहीं दिखाया जाता है जिसके फलस्वरूप व्यापार की आर्थिक स्थिति उस स्थिति की अपेक्षा कहीं अधिक बेहतर होती है जो चिट्ठे द्वारा प्रकट की जाती है।"

स्पाइसर एवं पैगलर के अनुसार, "गुप्त संचय से आशय ऐसे संचय से है जिसकी विद्यमानता अथवा राशि दोनों चिट्ठे में प्रकट नहीं किये जाते है |

गुप्त संचय अनेक उद्देश्य से किये जाते है -

i. संस्था की आन्तरिक स्थिति को मजबूत करना।
ii. कार्यशील पूँजी में वृद्धि करना।
